नए दौर को अपनाओं

अपनी सोच पर पंख लगाओ

जागो और जगाओ

हर बेटी को मान दिलाओं

इन शब्दों का आगाज करते हुए अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनॉक 02–09–2015 को महिला प्रकोष्ठ के त्त्ववधान में बेटी बचाओं बेटीं पढाओ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कुछ ऐसे ही भावोद्गार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने इस सुअवसर पर व्यक्त किए. भारत सरकार द्वारा चलाइ गई मुहिम के तहत अग्रवाल महाविद्यालय में प्रति माह “बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं” शीर्षक के अन्तगर्त अनेकानेक प्रतियोगिताएँ एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाते है. इसी श्रृखंला में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई. तीनों संभागों के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और सुन्दर–सुन्दर पोस्टर बनाकर नारी के प्रति अपनी भावना को अभिव्यक्त किया.

“बेटी है तो कल है“

“कन्या भ्रूण हत्या महापाप है.“

इत्यादि कथनों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त किए. “ आज की पढ़ी–लिखी बेटी कल की भावी पीढ़ी का भविष्य है. यदि बेटी पढ़ेगी तो समाज आगे बढ़ेगा और समाज की प्रगति के साथ राष्ट्र की प्रगति जुडी हुई है. हमें नारी का सम्मान करना चाहिए और भ्रूण हत्याओं पर अंकुश लगाना चाहिए.“

इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की तीनों संभागौ की संयोजिकाएँ डॉ० रीना , श्रीमती शोभना गोयल तथा रेनू महेश्वरी के साथ–साथ महाविद्यालय के अन्य वरिष्ठ प्रवक्ता उपस्थित थे.